**Date: - 14th-Sep-2026**

# NOTIFICATION

## HARYANA TALENT SEARCH EXAMINATION: 2026

HKCL, हरियाणा राज्य में प्रतिभा को और ऊपर लाने के लिए राज्य में Haryana Talent Search Examination (HTSE) का आयोजन विगत कई वर्षों से कर रहा है। यह एक कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा है जिससे 5वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र/छात्राएं भाग ले सकते हैं और अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करना और उनकी प्रतिभा को एक मंच देना है और राज्य में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों के बीच एक स्वस्थ और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा वातावरण बनाना है जिससे सभी श्रेणियों एवं प्रतिभावान छात्रों के बीच विश्वास बना के अभिनव विचारों को प्रेरित कर सकें।

यह प्रतियोगिता निम्नलिखित कक्षा श्रेणियों (4 Groups) मे आयोजित की जाएगी:

| Group | Std./Class | Section-I | Section-II | Section-III |
|---|---|---|---|---|
| **{A}** | **5th & 6th Std.** | a. Science<br>b. Mathematics | a. English Grammar<br>b. Hindi Grammar | a. Mental Ability Test<br>b. General Knowledge<br>c. Basic Computer Knowledge |
| **{B}** | **7th & 8th Std.** | a. Science<br>b. Social Science<br>c. Mathematics | a. English Grammar<br>b. Hindi Grammar | a. Mental Ability Test<br>b. General Knowledge<br>c. Basic Computer Knowledge |
| **{C}** | **9th & 10th Std.** | a. Science<br>b. Social Science<br>c. Mathematics | a. English Grammar<br>b. Hindi Grammar | a. Mental Ability Test<br>b. General Knowledge<br>c. Basic Computer Knowledge |
| **{D}** | **11th & 12th Std.** | a. General Knowledge<br>b. Basic Computer Knowledge | a. English Grammar<br>b. Hindi Grammar | a. Reasoning Ability<br>b. Quantitative Ability |

**Eligibility:**

- इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्रों को Session 2026-27 में कक्षा 5th, 6th, 7th, 8th, 9th, 10th, 11th और 12th का छात्र होना अनिवार्य है।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को किसी भी स्कूल का नियमित छात्र होना अनिवार्य है।
- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी छात्रों के पास आधार कार्ड/ स्कूल आई.डी या कोई भी फोटो आई.डी प्रूफ होना अनिवार्य है।

**HTSE Schedule:**

| Event | Dates |
|---|---|
| **Registration Period** | **15th September 2026 to 31st October 2026** |
| **HTSE Stage 1 Admit Card** | **04th November 2026** |
| **HTSE Stage 1 Exam Date** | **16th November 2026 to 18th November 2026** |
| **Stage 1 Exam Result Declaration** | **20th November 2026** |
| **HTSE Stage 2 Admit Card** | **23rd November 2026** |
| **HTSE Stage 2 Exam Date** | **26th November 2026 to 27th November 2026** |
| **Final Result Declaration** | **30th November 2026** |
| **Prize Distribution** | **Date & Details will be communicated to winners** |

*Kindly keep visiting HTSE website i.e., www.hkcl.in/htse for the latest updates

**Fees**

- Registration Fee (रजिस्ट्रेशन फीस): **150/- रुपये।**

**Registration Process**

HTSE में पंजीकरण हेतु विद्यार्थियों को निम्नलिखित दो विकल्प उपलब्ध हैं:

- HKCL Authorized Learning Centre (ALC) के माध्यम से पंजीकरण:
  विद्यार्थी अपने निकटतम HKCL Authorized Learning Centre (ALC) पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। अधिकृत ALC की सूची एवं संबंधित जानकारी के लिए HTSE की आधिकारिक वेबसाइट, https://hkcl.in/htse पर जाएँ।
- Online Registration के माध्यम से पंजीकरण:
  विद्यार्थी HTSE की आधिकारिक वेबसाइट, https://hkcl.in/htse के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया वेबसाइट पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार पूर्ण की जा सकती है।

**Exam Process:**

यह परीक्षा 2 चरणों में आयोजित की जाएगी:

**चरण 1:**
पहले चरण की परीक्षा आप ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं।

- Computer Based Online Exam
- 60 MCQ Questions
- Duration: 40 Minutes
- Medium: Hindi & English

**चरण 2:**
दूसरे चरण की परीक्षा HKCL के Authorized Learning Centre (ALC) में कंप्यूटर/लैपटॉप सिस्टम द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जायेगी।

- Computer Based Online Exam (at ALC)
- 60 MCQ Questions

- Duration: 40 Minutes
- Medium: Hindi & English

**Prizes:**

- **राज्य स्तर :** हर Group (A, B, C & D) के Top 3 छात्रों को पुरस्कृत एवम् सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार निम्न प्रकार से प्रदान किए जाएंगे:




- **जिला स्तर :** हर Group (A, B, C & D) के Top 3 छात्रों को पुरस्कृत एवम् सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार निम्न प्रकार से प्रदान किए जाएंगे:




**Terms And Conditions:**

- इस प्रतियोगिता मे छात्रों को ऊपर दिए गये Syllabus के अनुसार ही प्रश्न पूछे जाएंगे।
- छात्र, नजदीकी केंद्र की जानकारी के लिए HKCL की website https://hkcl.in/htse को विज़िट करें।
- छात्र इस प्रतियोगिता के लिए अपने नजदीकी HKCL के ALC केंद्र से संपर्क करें और अपना रजिस्ट्रेशन इस प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित करें।
- छात्र इस प्रतियोगिता के लिए Registration, Online माध्यम से भी कर सकते है। जिसके लिए आप https://hkcl.in/htse से ऑनलाइन फॉर्म भर सकते है।

- जिन छात्रों ने HKCL के Authorized Learning Centre (ALC) के माध्यम से पंजीकरण कराया है, वे अपने संबंधित ALC से अपनी Registration ID / Learner Code अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें तथा इसे सुरक्षित रखें।
- जिन विद्यार्थियों ने HTSE की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण किया है, उनकी Registration ID उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजी जाएगी तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से सूचित की जाएगी।
- Stage 1 एवं Stage 2 परीक्षाओं के Admit Card निर्धारित तिथि को HTSE की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। विद्यार्थी HTSE की वेबसाइट पर जाकर अपनी Registration ID / Learner Code दर्ज करके संबंधित परीक्षा का Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।
- Stage 1 एवं Stage 2 परीक्षाओं के Admit Card निर्धारित तिथि को जारी किए जाएंगे। अगर आपने HKCL के ALC पर जाकर Registration कराया है, तो आप अपना Admit Card वहाँ से भी Collect कर सकते हैं। वहीं, अगर आपने Online Registration किया है, तो आपका Admit Card आपकी Registered Email ID पर भी भेज दिया जाएगा। इसलिए सभी अभ्यर्थी अपनी Registered Email ID समय-समय पर जरूर चेक करते रहें।
- Stage 1 के Exam सुबह 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक आप ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं। छात्र अपने घर अथवा किसी भी सुविधाजनक स्थान से ऑनलाइन माध्यम द्वारा Stage 1 की परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा में शामिल होने की सम्पूर्ण प्रक्रिया, आवश्यक निर्देश एवं तकनीकी जानकारी Admit Card में दी जाएगी।
- Stage 2 के Exam सुबह 09.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक HKCL ALC मे उपलब्ध स्लॉट के अनुसार लिया जाएगा, इसके लिए छात्रों को ALC कोऑर्डिनेटर द्वारा समन्वय किया जायेगा। परीक्षा में शामिल होने की सम्पूर्ण प्रक्रिया, आवश्यक निर्देश एवं तकनीकी जानकारी Admit Card में दी जाएगी।
- Stage 1 एवं Stage 2 परीक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी आपके Admit Card पर दी जाएगी। अतः सभी छात्र अपने Admit Card को ध्यानपूर्वक प्राप्त करें एवं एडमिट कार्ड पर दर्ज सभी जानकारियों को अच्छी तरह से पढ़कर समझ लें।
- Stage 1 एवं Stage 2 परीक्षाओं का परिणाम निर्धारित तिथि को HTSE की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया जाएगा। विद्यार्थी निर्धारित तिथि के पश्चात https://hkcl.in/htse पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। Stage 1 के परिणाम में विद्यार्थियों को उनके प्राप्त अंकों (Marks), प्रतिशत (Percentage) के साथ-साथ यह भी बताया जाएगा कि वे Stage 2 के लिए चयनित (Selected) हुए हैं या नहीं। इसके अलावा, प्राप्त अंकों के आधार पर विद्यार्थी अपनी Performance का विश्लेषण कर अपने Weak Points एवं Improvement Areas को आसानी से पहचान सकते हैं। वहीं, Stage 2 के परिणाम अर्थात Final Result में भी विद्यार्थियों को उनके प्राप्त अंकों के साथ-साथ Detailed Analysis Report प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपनी Overall Performance को बेहतर तरीके से समझ और विश्लेषण कर सकें।
- Exam में कोई Negative Marking नहीं होगी।
- Question का उत्तर देने के लिए, Candidates को सही उत्तर या सबसे उपयुक्त उत्तर के अनुसार एक Option चुनना होगा।
- सही उत्तर के लिए +1 अंक दिया जाएगा।
- गलत उत्तर के लिए 0 अंक दिए जाएंगे।
- बिना उत्तर दिए गए प्रश्न के लिए 0 अंक मिलेंगे।
- यदि किसी प्रश्न में कोई गलती या समस्या पाई जाती है, तो उस प्रश्न के लिए सभी उम्मीदवारों को +1 अंक दिया जाएगा, चाहे उन्होंने प्रश्न का प्रयास किया हो या नहीं।
- HKCL प्रतिभागियों की जानकारी का उपयोग भविष्य में संचार, प्रचार एवं मार्केटिंग संबंधी उद्देश्यों के लिए कर सकता है।
- Stage 1 से Stage 2 के लिए विद्यार्थियों का चयन Stage 1 में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट के अनुसार किया जाएगा। प्रत्येक जिले के प्रत्येक Group (A, B, C एवं D) से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले Top 10 विद्यार्थियों का चयन Stage 2 परीक्षा के लिए किया जाएगा।
- उम्मीदवार को चरण 2 की परीक्षा में कम से कम 60% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। तभी वह राज्य या जिला पुरस्कार के लिए पात्र माना जाएगा।

- एक विद्यार्थी केवल एक पुरस्कार के लिए ही पात्र होगा। यदि कोई विद्यार्थी राज्य स्तर पर रैंक प्राप्त करता है, तो उसे जिला स्तर की रैंक चयन सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।
- यदि HTSE-2026 में उम्मीदवारों के कुल अंक समान हैं, तो रैंकिंग प्रक्रिया में टाई को सुलझाने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी :

  (i) यदि दो आवेदकों के अंक समान हैं, तो Section 1 में अधिक अंक वाले उम्मीदवार को ऊपर रैंक दी जाएगी।
  (ii) यदि Section 1 के अंक समान हैं, तो Section 2 में अधिक अंक वाले उम्मीदवार को टाई में प्राथमिकता मिलेगी।
  (iii) यदि Section 1 और Section 2 के अंक समान हैं, तो Section 3 के अंक टाई को सुलझाएंगे।
  (iv) यदि Section 1, 2 और 3 के अंक भी समान हैं, तो आवेदकों की जन्म तिथि पर विचार किया जाएगा। छोटी आयु के उम्मीदवार को ऊपर की रैंकिंग के लिए प्राथमिकता दी जायेगी।
- राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर चयनित विजेता छात्रों को प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों के संबंध में HKCL Team द्वारा विजेता छात्रों से संपर्क कर आवश्यक जानकारी साझा की जाएगी। पुरस्कारों की प्राप्ति की तिथि एवं अन्य आवश्यक विवरण के बारे में छात्रों को HKCL Team द्वारा पूर्व में सूचित किया जाएगा।
- राज्य स्तर पर विजेता छात्रों को प्रदान किया जाने वाला Cash Prize छात्र के स्वयं के Bank Account अथवा उसके माता/पिता (Mother/Father) के Bank Account में HKCL द्वारा Transfer किया जाएगा। Cash Prize केवल आवश्यक दस्तावेजों एवं Bank Account की सफल Verification के बाद ही Transfer किया जाएगा। इस प्रक्रिया के लिए HKCL Team द्वारा विजेता छात्र/उसके अभिभावक से संपर्क किया जाएगा तथा आवश्यक दस्तावेज एवं Bank Account Details प्राप्त कर उनका सत्यापन किया जाएगा।
- Kurukshetra Panorama & Science Centre Visit (with one family member), इस Visit के लिए HKCL Team द्वारा विजेता छात्र को Visit की निर्धारित तिथि की पूर्व सूचना दी जाएगी। Visit की तिथि एक बार निर्धारित होने के बाद उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। छात्र को निर्धारित तिथि पर ही Visit में उपस्थित होना होगा। यदि छात्र निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसका यह Visit करने का अवसर समाप्त माना जाएगा तथा इसके लिए किसी अन्य तिथि पर पुनः अवसर नहीं दिया जाएगा।

**Contact Us:**

अधिक जानकारी के लिए आप नीचे दिए गए फोन नंबर या ईमेल के माध्यम से संपर्क करें:

- **फोन:** 0172-5210390 / 266 / 270 (सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक)
- **ई मेल:** info@hkcl.in, viveky@hkcl.in , jitendras@hkcl.in

*HKCL इस प्रतियोगिता के नियम और शर्तों को बिना पूर्व सूचना के संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और HKCL इन संशोधनों के लिए किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

Haryana Knowledge Corporation Limited
HKCL

**मैनेजिंग डायरेक्टर & सीईओ**
हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड
पंचकुला, हरियाणा

## Annexure – A

# HTSE Student Journey

